हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
08 अक्तूबर 2024, समय 1305

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए मतगणना जारी है।

अभी तक मिले रुझानों में बी.जे.पी बहुमत की और बढ़ती दिखाई दे रही है। बी.जे.पी 50 जबकि कांग्रेस 33 सीटों पर आगे चल रही है। इंडियन नेशनल लोकदल और बहुजन समाज पार्टी एक जबकि अन्य 5 सीटों पर आगे हैं।कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा सीट से 9660 वोटों से आगे चल रहे हैं।उचाना कलां से दुष्यंत चौटाला जुलाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट बीजेपी के कैप्टन योगेश बैरागी से आगे चल रही हैं। गढ़ी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जीत की और 5200 से ज़्यादा वोटों से आगे है। गुरुग्राम से निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल से 29000 वोटों से आगे है। ऐलनाबाद से भरत सिंह बेनीवाल 98000 वोटों से अभय सिंह चौटाला से आगे चल रहे हैं। अंबाला छावनी से बीजेपी प्रत्याशी अनिल विज 445 वोटों से पीछे चल रहे हैं। यहां से निर्दलीय उम्मीदवार चित्र सर्वरा आगे हैं। जबकि सोनीपत से बीजेपी के निखिल मदान २०८०० वोटों से आगे चल रहे हैं। कैथल से कांग्रेस के आदित्य सुरजेवाला दसवें राउंड के बाद भाजपा उम्मीदवार से।10800 वोटों से. आगे चल रहे है। अम्बाला शहर में 12 राउंड के बाद कांग्रेस के निर्मल सिंह मोहरा 683 वोटों से आगे चल रहे है जबकि भाजपा के असीम गोयल यहाँ से पीछे है।भिवनी जिले की 6 सीटों में से 5 सीटों भाजपा आगे चल रही है जबकिलोहारू से कांग्रेस उम्मीदवार आगे है। फतहाबाद से 11 राउंड की मतगणना के बाद भाजपा के उम्मीदवार दुराराम 1300 वोटों से आगे चल रहे है। सिरसा जिले में हरियाणा लोकहीत पार्टी के उम्मीदवार गोपाल कांडा 8 राउंड की मतगणना के बाद कांग्रेस उम्मीदवार गोकुल सेतिया से 1400 से ज़्यादा वोटों से पीछे चल रहे है। जिलेवार विधानसभा चुनाव की स्तिथि कुछ इस तरह से दिखाईं दे रही है यदि पंचकूला की बात करे तो पंचकूला की दो सीटों पर भाजपा बढ़त बनाये हुए है और कालका से शक्ति रामी शर्मा कांग्रेस के प्रदीप चौधरी से आगे है। पंचकूला से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चाँद गुप्ता कांग्रेस उमीदवार से आगे चल रहे है। अम्बाला जिले में कांग्रेस ने तीन सीटों पर बढ़त बनाई है जबकि एक सीट अम्बाला की निर्दलीय उम्मीदवार आगे है अम्बाला के नरायणगढ़ और अम्बाला से कांग्रेस उम्मीदवार आगे चल रहा है। यमुनानगर की चार सीटों में दो सीटों में कांग्रेस और दो सीटों में भाजपा आगे चल रही है।कुरुक्षेत्र की चार सीटों में दो में भाजपा और दो में ही कांग्रेस आगे है भाजपा लाडवा और थानेसर में भाजपा बढ़त बनाये हुए है जबकि कांग्रेस शाहबाद और पेहवा में आगे चल रही है। कैथल की चार सीटों पर तीन सीटों पर कांग्रेस

आगे है जबकि पुण्डरी में भाजपा ने बढ़त बनाई हुई है यहाँ से गुलाह कलायत और कांग्रेस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार आगे है। करनाल और पानीपत से मिले रुझानों से नज़र आ रहा है कि सभी सीटों पर भाजपा बढ़त बनाये हुए है। करनाल की पांच सीटों में से इंद्री नीलूखेड़ी करनाल और असंध में भाजपा बढ़त बनाए हुए है। जबकि पानीपत में भाजपा के उम्मीदवार आगे चल रहे है। इसमें पानीपत इसराना और समालखा शामिल है। सोनीपत की छह सीटों में से दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार आगे है जबकि गन्नौर की सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार आगे है भाजपा तीन सीटों पर आगे चल रही है जिनमे खरखोदा गोहाना और सोनीपत शामिल है। जींद की पांच सीटों में से जुलना कांग्रेस के पक्ष में जाती दिख रही है जबकि सफीदों में भाजपा आगे है भाजपा जींद और नरवाना में भी आगे है।